जागरण

Source:- www.jagran.com
Date:- 25.03.2019

डीआरआई की एयरपोर्ट पर दखल हुई सफल, जब्त किया गया अब तक 88 लाख का सोना

Publish Date:Mon, 25 Mar 2019 07:52 PM (IST)



सोना तस्करी की तीन घटनाएं सामने आयी जिनमें बैंकाक से सोना लेकर वाराणसी पहुंचने पर तस्करों को पकड़कर सोना जब्त किया गया।

वाराणसी, जेएनएन। बाबतपुर एयरपोर्ट पर शारजाह तथा बैंकॉक से सोने की तस्करी लगातार होने से अब अधिकारी भी सतर्क नजर आ रहे हैं। एक सप्ताह के अंदर सोना तस्करी की तीन घटनाएं सामने आयीं जिनमें बैंकाक से सोना लेकर वाराणसी पहुंचने पर तस्करों को पकड़कर सोना जब्त करने के साथ तस्करी करने वाले लोगों पर आवश्यक कार्रवाई की गयी। दो घटनाओं में शहर से डीआरआई की टीम एयरपोर्ट पर पहुंची और तस्करों को धर दबोची। पहले भी ऐसी कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं लेकिन तस्कर विदेश से सोना लाने के लिये अलग-अलग हथकंडे अपना रहे हैं।

वाराणसी एयरपोर्ट से सोना के तस्करी का इस माह पहला मामला उस समय सामने आया जब संजीव कुमार मिश्रा नामक यात्री को गिरफ्तार किया गया था। वह बैंकाक से सोना लेकर वाराणसी एयरपोर्ट पर पहुंचा। एयरपोर्ट पर आने के बाद वह कस्टम के अधिकारियों को चकमा देते हुए आसानी से टर्मिनल से बाहर निकल गया। आधिकारिक सूत्रों की माने तो गुदा में सोना छिपाकर वह आया था जिसके चलते एयरपोर्ट पर मौजूद कस्टम की टीम उसे पकड़ने में सफल नहीं हो सकी। उस यात्री के पास से 18 लाख का सोना बरामद हुआ था।

तस्करी के मामले प्रकाश में आने के बाद डीआरआई की टीम सक्रिय हो गयी और पिछले सप्ताह बुधवार को टीम एयरपोर्ट पर पहुंची और बैंकाक से वाराणसी पहुंचे चार यात्रियों को हिरासत में ले लिया। पकडे गये चारों यात्री हैंडबैग के किनारे लगने वाली एल्यूमिनियम पट्टी की जगह सोने की पट्टी लगा दिये थे इन यात्रियों के पास से डीआरआई ने 63 लाख का सोना बरामद किया। वहीं गुरूवार को दिल्ली के त्रिलोकीपुर की रहने वाली रहीशा बेगम नामक महिला यात्री के पास से भी सात लाख रूपए का सोना बरामद किया गया। यह महिला यात्री भी बैंकाक से वाराणसी आने वाले विमान से वाराणसी पहुंची थी और अपने शरीर में सोना छुपायी थी।